/

राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक :प.10 (छ)( )म.आ./डीएलबी /2022/ 1511-1526 दिनांकः 30/09/2022

जिला कलक्टर एवं
जिला परियोजना समन्वयक
(इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना)
अलवर/नागौर/उदयपुर/प्रतापगढ़/बाडमेर/बीकानेर/दौसा/
पाली/हनुमानगढ़/सीकर/सवाईमाधोपुर/भीलवाड़ा/जालौर/
जोधपुर/झुन्झुनू/जयपुर

विषय :–27 नवगठित नगरपालिकाओं हेतु इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना (IRGY-Urban) के अन्तर्गत स्वीकृत नवीन संविदा पदों को भरने के संबंध में।

सन्दर्भ :–विभाग के पत्र क्रमांक 32911–943 दिनांक 12.05.2022, पत्र क्रमांक 3692–3724 दिनांक 31.05.2022, पत्र क्रमांक 145–177 दिनांक 16.06.2022 एवं पत्र क्रमांक 287–319 दिनांक 05.07.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्रों के अनुक्रम में निवेदन है कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 328 सहपठित धारा 337 के अन्तर्गत प्रद्त्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2020–21 की बजट घोषणा संख्या 144/2020–21के तहत गठित 1 नगरपालिका जायल (नागौर), बजट घोषणा संख्या 337/2021–22 के तहत नवगठित 6 नगरपालिकायें क्रमशः गोविन्दगढ,कोटकासिम एवं बर्डोद (अलवर)/बोरावड (नागौर)/ऋषभदेव (उदयपुर)/धरियावाद(प्रतापगढ) तथा बजट घोषणा संख्या 120, 287, एवं 390.08/2022–23 के तहत नवगठित 20 नगरपालिकायें सिवाना (बाडमेर)/नीमराणा, टपूकडा, बहादुरपुर एवं बडौदा मेव (अलवर) /खाजूवाला (बीकानेर)/ मण्डावर (महवा–दौसा)/बासनी (नागौर)/ मारवाड जंक्शन (पाली)/टिब्बी (हनुमानगढ)/ दांतारामगढ एवं अजीतगढ(सीकर)/बौंली (सवाईमाधोपुर)/ हम्मीरगढ (भीलवाडा)/ रानीवाडा (जालौर)/बालेसरसत्ता (जोधपुर)/ गुढा (उदयपुरवाटी–झंझुनू)/नरैना (नरायणा) एंव मनोहरपुर (जयपुर)/सेमारी (खैरवाडा–उदयपुर) कुल 27 नगरपालिकाओं हेतु इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत वित्त (व्यय–3) विभाग की आईडी क्रमांक 102205237 दिनांक 19.09.2022 द्वारा निम्नानुसार नवसृजित संविदा पदों को भरने वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई हैः–

क्र.सं.	संविदा पद का नाम	प्रत्येक नगरपालिका हेतु स्वीकृत पद	कुल 27 नगरपालिकाओं हेतु स्वीकृत पदों की संख्या	योग्यता	मानदेय (प्रतिमाह)
1	कनिष्ठ तकनीकी सहायक	2	54	सिविल अभियान्त्रिकी डिग्री/डिप्लोमा	20,000/–
2	लेखा सहायक	1	27	बी कॉम/सीए इंटरमीडियेट (आईपीसी)/ICWA (इंटर)	12,000/–

3	एमआईएस मैनेजर	1	27	बीसीए	12,000/–
4	शहरी रोजगार सहायक	2	54	स्नातक + आरएससीआईटी कोर्स उत्तीर्ण	7500/–
5	मैन विथ मशीन (सेवा प्रदाता)	2	54	सीनियर सैकेण्डरी + आरएससीआईटी कोर्स उत्तीर्ण	8200/–
6	मल्टी टास्क वर्कर/होमगार्ड (सेवा प्रदाता)	2	54	सैकेण्डरी + कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान	7000/–

उपरोक्तानुसार संविदा पदों पर भर्ती हेतु समस्त शर्ते विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 12.05.2022, पत्र दिनांक 31.05.2022, पत्र दिनांक 16.06.2022 एवं पत्र दिनांक 05.07.2022 के अनुसार यथावत रहेगी।

इसके साथ ही यह निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विभागीय पत्रों में दिये गये निर्देशो के अनुसार संविदा भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के अनुसार निर्धारित/जारी की गई वरियता सूची मे से ही पात्र अभ्यर्थियों का चयन वरियता अनुसार किया जाकर संविदा नियुक्ति की कार्यवाही नवगठित नगरपालिकाओं के लिए स्वीकृत संविदा पदों पर किया जाना सुनिश्चित करे।

उक्तानुसार नवीन संविदा पदों को सृजित किये जाने की स्वीकृति वित्त (व्यय–3) विभाग की आई.डी. क्रमांक 102205237 दिनांक 19.09.2022 से अनुमोदित है।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :प.10 (छ)( )म.आ./डीएलबी /2022/ 1527-2375 **दिनांकः** 30/09/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्य मंत्री महोदय, राज सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक/निजी सचिव, माननीय मंत्री/राज्यमंत्रीगण (समस्त) राज0 सरकार, जयपुर
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव महो., राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव (समस्त), राजस्थान जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त/आयोजना विभाग, राजस्थान जयपुर।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
7. निजी सचिव, संयुक्त सचिव, वित्त (व्यय–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
9. निजी सचिव, विभागाध्यक्ष (समस्त), राजस्थान।
10. संभागीय आयुक्त (समस्त), राजस्थान।
11. उप निदेशक (क्षैत्रिय), स्थानीय निकाय विभाग (समस्त)
12. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकाएं (समस्त), राजस्थान।
13. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद/पालिकाएं (समस्त), राजस्थान।
14. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
15. संयुक्त निदेशक (जनसम्पर्क), निदेशालय को प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रकाशन हेतु।
16. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
17. सुरक्षित पत्रावली।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव